Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 6 □ रायपुर, बुधवार 29 जनवरी 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# महाकुंभ में संगम घाट पर भगदड़, 31 की मौत, 200 से अधिक घायल

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (न्यूज चैनल)। मौनी अमावस्या स्नान के दौरान संगम नोज घाट पर भगदड़ मचने से बड़ा हादसा हो गया। सुबह साढ़े सात बजे तक 31 एसआरएन अस्पताल स्थित मर्चरी में 31 लाशें पहुंच गई थीं।

लेकिन प्रशासन की ओर से मृतकों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। 200 से अधिक श्रद्धालुओं का उपचार चल रहा है। 40 से अधिक एंबुलेंस के माध्यम से घायलों और मृतकों को केंद्रीय अस्पताल लाया गया। परिजनों की चीख पुकार से संगम से लेकर महाकुंभ के केंद्रीय चिकित्सालय तक कोहराम मचा रहा। एंबुलेंस के सायरन पूरी रात गूंजते रहे। बेकाबू भीड़ को बैरिकेडिंग करके रास्ता रोकने के कारण हादसा होना बताया जा रहा है। घायलों को मेला क्षेत्र में बने केंद्रीय अस्पताल में ले जाया गया। मौके पर भारी पैमाने पर फोर्स तैनात कर दी गई है। फिलहाल स्नान जारी है। घटना से आक्रोशित अखाड़ों ने अमृत स्नान का बहिष्कार कर दिया है। बताया जा रहा है कि स्नान घाट के पास भीड़ में बेचैनी के चलते कुछ महिलाएं बेहोश होकर गिर गईं। इसके बात मची अफवाह के बाद लोग एक दूसरे को कुचलते हुए भागने लगे। सूचना पाकर दो दर्जन से अधिक एंबुलेंस की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। घायलों को महाकुंभ के केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तमाम आला अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा है, महाकुंभ में, प्रयागराज आए प्रिय श्रद्धालुओं,माँ गंगा के जिस घाट के आप समीप हैं, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें. आप सभी प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करें, व्यवस्था बनाने में सहयोग करें. संगम के सभी घाटों पर शांतिपूर्वक स्नान हो रहा है. किसी भी अफ़वाह पर बिल्कुल भी ध्यान न दें।





### पीएम मोदी ने हादसे पर जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार तड़के महाकुंभ के दौरान हुई भगदड़ की घटना को अत्यंत दुखद करार दिया और लोगों की मौत पर संवेदना जताते हुए कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की है और वह लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### सीएम साय ने जताया दुख, श्रद्धालुओं से कहा- संयम बनाए रखें

रायपुर. प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर भगदड़ से कई श्रद्धालुओं की मौत हो गई. वहीं कई लोग घायल हुए हैं. इस घटना पर सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर कहा, महाकुंभ में घटित भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कई श्रद्धालुओं के निधन और घायल होने की खबर अत्यंत दु:खद है. ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं घायल श्रद्धालुओं के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं. सीएम साय ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि संयम बनाए रखें और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करें. मां गंगा के जिस घाट के समीप हैं, वहीं पुण्य स्नान करें.

## रायपुर, दुर्ग, भिलाई और बिलासपुर में आईटी का छापा, कई प्रतिष्ठानों में पहुंची टीम

**रायपुर,** 29 जनवरी (हाईवे चैनल)। इनकम टैक्स की टीम ने रायपुर, दुर्ग, भिलाई और बिलासपुर में राइस मिलर समेत कई अन्य ट्रेड से जुड़े कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा है. आईटी की टीम सुबह से रायपुर में सत्यम बालाजी ग्रुप के ठिकानों पर जांच कर रही है. दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है. बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की आशंका जताई जा रही है।

सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक, आईटी की टीम रायपुर के रामसागरपारा, राठौर चौक ,जवाहर मार्केट स्थित कारोबारियों के घर और ऑफिसों में दबिश दी है. बड़ी संख्या में आयकर विभाग के अधिकारी जांच में जुटे हैं।



## टाइमर लगाकर बम से उड़ाया कार

**दुर्ग,** 29 जनवरी (हाइवे चैनल)। भिलाई के कोहका से कुरूद जाने वाली सड़क पर एक कार को टाइमर लगाकर बम से उड़ा दिया गया। तेज धमाके से कार के परखच्चे उड़ गए। हालांकि इस धमाके में कोई जनहानि नहीं हुई. ब्लास्ट का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एक युवक चेहरा ढके हुए कार के पास दिख रहा है. पूरा मामला भिलाई के स्मृति नगर थाना सुपेला क्षेत्र का है.



प्राप्त जानकारी के अनुसार महोबिया फिल्म प्रोडक्शन के निर्माता प्रकाश महोबिया एवं उनके भांजे संजय बुदेला के डस्टर कार में मंगलवार शाम साढे ६ से ७ बजे के बीच टाईम बम लगाकर उड़ा दिया गया। बताया जाता है, कि संजय बुंदेला अपने कार्यालय से घर जाने के लिए निकले और वे कार के पास गये। इसके बाद कुछ कार्य से वापस अपने ऑफिस गये जैसे ही वे अपने आफिस के अंदर गये वैसे ही उनके कार में जोरदार धमाका हुआ जिससे कार के परखच्चे उड़ गये। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

## ब्रेकिंग न्यूज

### 'यमुना के पानी में जहर' वाले बयान से केजरीवाल पर मुसीबत



**चुनाव आयोग ने जारी किया नोटिस, शाम 8 बजे तक मांगा जवाब**

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (न्यूज चैनल)। चुनाव आयोग ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी से उनके इस दावे का सबूत मांगा है कि हरियाणा यमुना नदी में औद्योगिक कचरा डालकर उसके पानी को जहरीला बना रहा है। केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में आपूर्ति बाधित करने के लिए हरियाणा नदी के पानी में जहर मिला रहा है। चुनाव आयोग ने केजरीवाल से बुधवार रात 8 बजे तक अपना जवाब देने को कहा है। इसने केजरीवाल को चेतावनी देने के लिए विभिन्न निर्णयों और कानूनी प्रावधानों का हवाला दिया कि यदि उनके दावे भ्रामक पाए गए तो उन्हें तीन साल तक की कैद हो सकती है। आयोग ने कहा कि इस तरह के आरोपों के गंभीर प्रभाव होते हैं क्योंकि इससे क्षेत्रीय समूहों, पड़ोसी राज्यों के निवासियों के बीच दुश्मनी पैदा हो सकती है और यह कानून एवं व्यवस्था की स्थिति के लिए खतरा है। इससे पहले चुनाव आयोग ने हरियाणा से दिल्ली को आपूर्ति किए जाने वाले पानी में अमोनिया की मात्रा बढ़ने के आरोपों पर हरियाणा सरकार को 28 जनवरी तक तथ्यात्मक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। इस बीच, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी केजरीवाल के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करने की योजना बना रहे हैं। सैनी ने कहा, अरविंद केजरीवाल को अपने बयान के लिए तुरंत हरियाणा और दिल्ली के लोगों से माफी मांगनी चाहिए, अन्यथा हम उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे।

## कांग्रेस का मेनिफेस्टो जारी, जनता से किए कई बड़े वादे

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (न्यूज चैनल)। कांग्रेस ने मंगलवार को आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें कई वादे किए गए, जिसमें नौकरियों और शिक्षा में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए आरक्षण, 300 यूनिट मुफ्त बिजली और महिलाओं के लिए 2,500 रुपये का मासिक वजीफा शामिल है। अन्य प्रमुख वादों में सभी दिल्ली निवासियों के लिए 25 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य कवरेज, बेरोजगार युवाओं के लिए 8,500 रुपए वजीफे के साथ एक साल की अप्रेंटिसशिप और मुफ्त राशन किट के साथ 500 रुपये प्रति सिलेंडर पर रसोई गैस शामिल है। घोषणापत्र जारी होने के बाद कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा, गारंटी का मतलब है कि यह जनता का अधिकार है... दिल्ली के लोगों के लिए पांच गारंटी की घोषणा की गई है। अभी दिल्ली में व्यापार करने में आसानी की बात नहीं बल्कि सांस लेने में आसानी की बात हो रही है। उन्होंने आगे कहा, अगर आप प्रदूषण और रासायनिक संदूषण के लिए कोई भी पैरामीटर देखेंगे तो कोई भी दिल्ली से मेल नहीं खा सकता। न तो भाजपा और न ही दिल्ली की आप सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है।



## ट्रंप ने अपनाई 'इनाम और सजा' नीति, 'मेक इन अमेरिका' प्लान बन सकता भारत के लिए मुसीबत

**नई दिल्ली,** 29 जनवरी (न्यूज चैनल)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर जोर उन देशों के लिए बड़ा संदेश है जो अगला चीन बनने की दौड़ में हैं। उन्हें अपनी रणनीति दोबारा तैयार करनी होगी। भारत को भी अपने सप्लाई चेन सिस्टम को मजबूत करने और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की चुनौतियों को तेजी से हल करने की जरूरत है। ट्रंप ने 'मेक इन अमेरिका' को बढ़ावा देने के लिए 'ईनाम और सजा' वाली रणनीति अपनाई है। वह चाहते हैं कि कंपनियां अमेरिका में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करें, अन्यथा अमेरिकी बाजार में सामान बेचने पर ऊंचे शुल्क चुकाएं। दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर उन्होंने कहा- दुनिया की हर कंपनी के लिए मेरा संदेश साफ है अमेरिका में निर्माण करें, और हम आपको सबसे कम टैक्स देंगे। ट्रंप ने अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग करने वाली कंपनियों के लिए 15त्न कॉर्पोरेट टैक्स की पेशकश की है। पिछले कुछ दशकों में मैन्युफैक्चरिंग चीन, वियतनाम, इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे देशों में शिफ्ट हुई है। इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर कपड़ों तक, एशियाई देशों ने वैश्विक आपूर्ति चेन पर दबदबा बना लिया है। हालांकि, हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग जैसे चिप निर्माण में अमेरिका ने फिर से निवेश बढ़ाया है। अमेरिका में श्रम लागत अधिक होने के कारण कई कंपनियां ठेके पर निर्माण कार्य करवाती हैं। उदाहरण के लिए, एनवीडिया अपने एआई चिप्स भारत और अन्य देशों में डिजाइन करता है,



## भव्य रैली के साथ मीनल चौबे ने किया मेयर पद पर नामांकन

**रायपुर,** 29 जनवरी। नगर निगम रायपुर के मेयर पद के लिए भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मीनल चौबे ने मंगलवार को हजारों कार्यकर्ताओं के साथ भव्य रैली निकालकर अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान रायपुर संभाग प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायकगण राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा व मोतीलाल साहू, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, ,नगर निगम रायपुर संगठन प्रभारी संदीप शर्मा,भाजपा नेता अशोक बजाज जिला अध्यक्ष रायपुर शहर रमेश ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, महामंत्री सत्यम दुआ, ओमकार बैस, जिला मंत्री अमित मैशरी सहित भाजपा के पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।



इसके पूर्व श्रीमती मीनल चौबे ने अपने निवास में भगवान श्रीराम-माता सीता सहित अन्य विग्रहों का पूजन कर नामांकन रैली का शुभारंभ किया। कार्यकर्ताओं के साथ ही रायपुर के सभी वार्ड से स्वस्फूर्त आम जनता भी श्रीमती चौबे के समर्थन में रैली में शामिल हुई। जय श्रीराम के जयघोष के साथ मीनल चौबे अपने वाहन पर सवार हुईं। इसके साथ ही दोपहिया और चार पहिया वाहन के अलावा पैदल ही जब हजारों की संख्या में भव्य रैली निकली तो पूरा शहर भगवा और भाजपामय दिखने लगा। शहर के विभिन्न चौराहों पर रैली के स्वागत करने के लिए जनता भी लालायित दिखी। रैली पर पुष्पवर्षा कर श्रीमती चौबे के प्रति समर्थन जताया। श्रीमती चौबे की रैली को देखने के लिए लोग अपने घरों से निकलकर सड़क पर आ गए थे। अपने घरों की छतों पर खड़े होकर मीनल दीदी और भाजपा जिंदाबाद के जमकर नारे लगाते दिखे। एक ओर जहां हजारों कार्यकर्ता नारे लगा रहे थे, वहीं दूसरी ओर से जनता के बीच से आवाज गूंज रही थी, खत्म हुआ कांग्रेस का कुशासन, लाएंगे शहर में भाजपा का सुशासन। क्या युवा-बुजुर्ग और महिलाएं सभी में गजब-जोश और उत्साह नजारा दिख रहा था। भव्य रैली को देखकर लोग सहसा ही कह उठ रहे थे कि ये नामांकन नहीं, विजय जुलूस है। क्योंकि कांग्रेस के मेयर ने पूरे शहर को नर्क बना दिया था। रैली के मार्ग पर मौजूद दुकानदार और राहगीरों ने भी हाथ हिलाकर श्रीमती मीनल चौबे का अभिवादन और अपना प्रबल समर्थन देने की इच्छा जाहिर की। इधर श्रीमती मीनल चौबे ने भी अपनी विजय मुद्रा में जनता का अभिवादन स्वीकार कर रही थी।

पार्षद प्रत्याशी विशाल पाण्डेय, भगतराम हरवंश, मनमोहन मनहरे, नन्दकुमार साहू, अम्बिका साहू, खगपति सोनी, खेमकुमार सेन, आर्ची साहू, गोपेश कुमार साहू, देवदत्त द्विवेदी, मोहन साहू, साधना प्रमोद साहू, महेंद्र खोडियार, सूर्यकांत राठौर, राजेश देवांगन, गज्जू साहू, प्रमिला साहू, सोहन साहू, प्रीतम ठाकुर, अमन ठाकुर, गायत्री सुनील चंद्राकर, मीना ठाकुर, कृष्णा पंचुराम भारती, राधिका साहू, भोलाराम साहू, रामहीन कुर्रे, अवतारसिंह बागल, कृतिका जैन, कैलाश बेहरा, राजेश कुमार गुप्ता, पुष्पा रोहित साहू, प्रभा मनोज विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, ज्ञानचंद चौधरी, घनश्याम रक्सेल, श्वेता विश्वकर्मा, दीपक जायसवाल, आनंद अग्रवाल, सुमन अशोक पाण्डेय, आशु चंद्रवंशी, सरिता दुबे, अम्बर अग्रवाल, अजय साहू, मुरली शर्मा, प्रीति परताले, संजना संतोष हियाल, संतोष साहू, महेश ध्रुव, अनामिका सिंह, गायत्री नौरंगे, उत्तरा सिंह, विनय पंकज निर्मलकर, मनोज जांगडे, सुषमा तिलक साहू, विनय प्रताप सिंह ध्रुव, सचिन मेघानी, अमर गिदवानी, श्रीमती स्वप्निल मिश्रा, अंजलि जितेन्द्र गोलछा, रमेश सपहा, रवि सोनकर, बद्री प्रसाद गुप्ता, प्रमोद कुमार साहू, मनोज वर्मा, मंजू राजेंद्र सिंह यादव, श्याम सुंदर अग्रवाल, ममता तिवारी, दुर्गा यादराम साहू, महेंद्र औसर और अर्जुन यादव ने भी रैली में शामिल होकर नामांकन दाखिल किया।

## स्कूटी पर हेलमेट पहनकर नामांकन दाखिल करने पहुंचीं दीप्ति प्रमोद दुबे

**रायपुर,** 29 जनवरी। रायपुर नगर निगम में कांग्रेस की महापौर पद की प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने आज एक साधारण और सादगीपूर्ण तरीके से स्कूटी पर सवार होकर अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने इस दौरान न तो किसी प्रकार की रैली निकाली और न ही कोई शक्ति प्रदर्शन किया।



**पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रहे मौजूद**

नामांकन दाखिल करने के बाद दीप्ति प्रमोद दुबे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि स्कूटी से हेलमेट पहनकर आने का मुख्य उद्देश्य जनता को ट्रैफिक नियमों का पालन करने का संदेश देना था। उन्होंने कहा हम चाहते हैं कि लोग ट्रैफिक नियमों का पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन करें। आज हमने नामांकन जमा कर दिया है और अब हम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे। कोई भी समस्या होने पर लोग सीधे मुझसे संपर्क कर सकते हैं। मैं मजबूती से चुनाव लडूंगी। नामांकन के दौरान कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव रायपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे और पूर्व नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे प्रस्तावक सुयश शर्मा शहर महामंत्री अविनय दुबे अमित नायडू अमित दीवान अनुषा श्रीवास्तव मिथिलेश रिछारिया शामिल थे। इन नेताओं ने दीप्ति दुबे का समर्थन करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके पक्ष में जनता से वोट की अपील की। रायपुर नगर निगम का यह चुनाव कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है। दीप्ति प्रमोद दुबे ने अपनी सादगी और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ नामांकन दाखिल कर यह संदेश दिया है कि वे जनता के मुद्दों और जरूरतों को प्राथमिकता देंगी।

### नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक पहुंची

रायपुर, 29 जनवरी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए (आई.ए.एस.) श्रीमती इफ्फत आरा, सामान्य प्रेक्षक नियुक्त की गई हैं। आम नागरिक निर्वाचन से संबंधित किसी भी जानकारी या समस्या को प्रेक्षक से साझा कर सकते हैं।

सामान्य प्रेक्षक श्रीमती इफ्फत आरा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक सिविल लाइन, रायपुर स्थित सर्किट हाउस के कक्ष क्रमांक 304 में आमजन से मुलाकात करेंगी। साथ ही, प्रेक्षक से उनके मोबाइल नंबर 9993000787 पर भी संपर्क किया जा सकता है। आज सामान्य प्रेक्षक कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचीं, जहां उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के साथ नामांकन केंद्रों का निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की।




चूहा- सुनती हो, महाकुंभ में आज भगदड़ हो गई।

चुहिया- हां जी, भीड़ और भगदड़ का तो पुराना संबंध है..!